तृतीय पुण्य स्मृति दिवस पर...

ईश्वरीय यज्ञ के खज़ानों की खजांची दादी ईशु

राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी जी मुख्य प्रशासिका, ब्रह्माकुमारीज़

हम दादी को शुरू से देखती आई, जब से यज्ञ शुरू हुआ है तब से हम भी हैं और दादी भी हैं। शुरू से ही बाबा के साथ रहने का, बाबा के साथ यज्ञ सेवा करने का पार्ट दादी का रहा है।

सन् 1936 में सिंध हैदराबाद में जब ओम मंडली की शुरूआत हुई तो लगनशील, आज्ञाकारी कुमारी के रूप में उनका पदार्पण हुआ। आते ही उनके हृदय में ईश्वर तथा ईश्वरीय परिवार के प्रति भरपूर प्यार देखा। उनका मन-वचन-कर्म हमेशा विशेषता सम्पन्न रहा। जीवन के हर कर्म में चाहे स्थूल हो या सूक्ष्म उनको सदा कुशल ही देखा। बाबा द्वारा बनाए गए नियमों के पालन में हमारे सामने सैम्पल बनकर रहीं। वे सरलता और स्नेह की मूर्त थीं।

जब हम आबू में आए तो स्थान, वातावरण, परिस्थितियां बदलने के कारण भिन्न-भिन्न बातें परीक्षा के रूप में सामने आईं पर दादी ईशु को हर परिस्थिति में अचल-अडोल देखा, कभी भी उनको व्यर्थ संकल्प व बोल में नहीं देखा।

सारे विश्व में ऐसा कोई विश्वासपात्र नहीं देखा

राजयोगिनी ब्र.कु. मोहिनी दीदी, अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका,ब्रह्माकुमारीज़

ईश्वरीय परिवार में एक-एक आत्मा विशेष है परंतु कुछ आत्माएं बहुत विशेष होती हैं, ईशु दादी उसमें से एक थीं। भगवान के भंडारे में जो भी धन आया उसको वर्षों तक संभाला एक ट्रस्टी की तरह। कभी भी धन में उनकी वृत्ति नहीं गई और कभी भी उन्होंने भेदभाव नहीं दिखाया कि जो बहुत ज़्यादा देते हैं उनसे बहुत प्यार से बात करें और जो कम देते हैं तो कम सम्मान दें। जो जितना भी गुप्त सहयोग बाबा को देते थे, उतनी ही गुप्त रहकर के भंडारे को भरपूर रखती थीं। अंत तक भावना से बाबा का यज्ञ सम्भालती रहीं। हमारे सारे विश्व में ऐसा कोई भी नहीं देखा जो इतने वर्ष तक ऐसा कार्य करें और इतना विश्वासपात्र भी हो। दादी जी इतने विश्वासपात्र थे जो कहीं भी, कोई भी बात नहीं दोहराते थे। भगवान ने अपने कार्य के लिए, अपनी प्रकार से ही इस तरह की आत्माओं को तैयार किया। दादी बहुत संतुष्ट रहती थीं, बहुत शांत और बहुत मीठा स्वभाव था। मेरे को उनके प्रति बहुत सम्मान है। उनका भी बहुत प्यार था मुझसे। मैं हमेशा अपनी ईशु दादी जी को दिल में समाए रहती हूँ और बहुत ही श्रद्धा भावना रखती हूँ। हम सभी ईशु दादी जी को बहुत-बहुत नमन करते हैं।

साकार बाबा-मम्मा की मनीप्लांट दादी ईशु जी- राजयोगी ब्र.कु. निर्वैर,महासचिव ब्रह्माकुमारीज़

जब मैं पांडव भवन में आया था तभी से ईशु दादी को जानता हूँ। ईशु दादी अपने टेबल पर बैठती, मम्मा पास में बैठती, साकार बाबा भी अपनी नेट वाली कुर्सी पर बैठते और ईशु दादी बाबा को चारों तरफ से आए हुए याद-प्यार के पत्र, पुरुषार्थ के पत्र सुनाती फिर बाबा तुरंत जवाब लिखवाते थे। बाबा एक घंटे में कम से कम 16 पत्र सिंधी में लिखते थे और ईशु दादी फिर उसी पत्र पर हिन्दी में लिखकर के उसी दिन पोस्ट कर देते थे। साकार बाबा और मम्मा ईशु को मनीप्लांट भी कहते रहे और हमारी मोहिनी बहन भी मनीप्लांट कहती थी। सन् 1963, 1964 की बात है, सर्दियों के दिनों में आबू से बाबा बॉम्बे गए और सेक्रेटेरिएट के पास में बाबा के लिए टेंपरेरी तीन महीने के लिए मकान लिया गया था। विश्वकिशोर दादा और शायद चंद्रहास दादा भी बाबा की संभाल के लिए साथ में आ गए लेकिन बाबा को फील हो रहा था कि ईशु दादी वहाँ मधुबन में अकेली है, तो बाबा ने पत्र लिखा और विश्वरतन दादा को खास कहा कि बच्ची को अपने साथ लेकर के आओ, वो बाबा के बिना बिल्कुल सूख जायेगी। इतना प्यार था दादी का साकार बाबा के साथ।

राजगीर-नालंदा(बिहार)। 88वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी एसडीएम कुमार ओमकेश्वर जी, महामंडलेश्वर स्वामी विवेक मुनि जी महाराज, पंडा कमेटी(गरम कुंड) के सचिव विकास उपाध्याय तथा अन्य गणमान्य लोगों सहित बड़ी संख्या में ब्र.कु. भाई-बहनें शामिल रहे।

रांची-झारखंड। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित द्वादश ज्योतिर्लिंगम दर्शन मेला में दीप प्रज्वलित करते हुए ब्र.कु. प्रदीप, जगदीश प्रसाद गोयल,अध्यक्ष,श्री सत्य नारायण मंदिर व धर्मशाला, अरुण रॉय,सचिव,रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन, ब्र.कु. निर्मला दीदी, श्रीमती अरुणा जैन,समाजसेवी, धनंजय कुमार पुटुश,पूर्व विधायक तथा कविता भावेश गंगानी।

सरवाड़-अजमेर(राज.)। ब्रह्माकुमारीज़ उपसेवाकेंद्र द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन मेले का रिबन काटकर शुभारंभ करते हुए विधायक शत्रुघ्न गौतम, तहसीलदार रणछोड़ लाल एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल खींची। इस अवसर पर उपसेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु. कोमल बहन व अन्य भाई-बहनें मौजूद रहे।

दिल्ली-दिलशाद गार्डन। ब्रह्माकुमारीज़ के शांति सदन सेवाकेंद्र में महा शिव जयंती के कार्यक्रम में बी.एस. पंवार,निगम पार्षद,एमसीडी,ईस्ट दिल्ली, सईद ज़ाकी हैदर,एमडी,नई उम्मीद न्यूज़ एजेंसी,दिल्ली, जैनेन्द्र जैन,सीनियर मैनेजर,टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज़, डॉ. विकास शर्मा,ओनर,अवनी ग्रुप, विकास जी,जिला अध्यक्ष,भाजपा, ब्र.कु. इंद्रा दीदी, ब्र.कु. गीता बहन, ब्र.कु. सावित्री बहन तथा अन्य भाई-बहनें मौजूद रहे।

दिल्ली-इंद्रपुरी। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र पर आयोजित की गई आकर्षक व मनमोहक झाँकी। साथ ही आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी लगाकर लगभग 5000 लोगों को ईश्वरीय संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु. बाला बहन सहित बड़ी संख्या में अन्य ब्र.कु. भाई-बहनें मौजूद रहे।

बड़हिया-बिहार। शिव जयंती की झाँकी में पहुंचे बड़हिया थानाध्यक्ष ब्रज भूषण सिंह को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. रोशनी बहन व ब्र.कु. निशा बहन।